# राष्ट्रीय सेवा योजना

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांक : लो0अ0वि0 / रा0से0यो0 / 2841 / 2026 दिनांक : 06.08.2026

सेवा में,

1. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / पाठ्यक्रम, समन्वयक / प्रभारी, पुस्तकालयाध्यक्ष, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रम।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना, संचालित करने वाले समस्त महाविद्यालय।

**विषय–** माय भारत पोर्टल पर विश्वविद्यालय के रेफरल कोड 6B8F14YX के साथ समस्त छात्र / छात्राओं का पंजीकरण कराने के संबंध में।

**महोदय / महोदया,**

आपको अवगत कराना है कि माय भारत पोर्टल पर छात्र / छात्राओं का पंजीकरण कार्य गतिमान है। शासन स्तर पर नियमित समीक्षा में यह तथ्य संज्ञान में आ रहा है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के संख्या बल के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में पंजीकरण अब तक नही हुआ है, जिस पर शासन द्वारा खेद व्यक्त किया गया है तथा उच्चाधिकारियों द्वारा भी अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है।

तद्क्रम में आपसे अनुरोध है कि आपके संस्थान / विभाग / पाठ्यक्रम में अध्ययनरत समस्त छात्र / छात्राओं का माय भारत पोर्टल पर विश्वविद्यालय के रेफरल कोड 6B8F14YX के साथ पंजीकरण कराने का कष्ट करें। पंजीकरण कार्य को त्वरित गति से करने हेतु महाविद्यालय / विभागीय स्तर पर शिक्षणेत्तर कार्यक्रम (एन0एस0एस0 / एन0सी0सी0 / रोवर्स–रेंजर्स) प्रभारी या अन्य सहयोगी शिक्षक को नोडल अधिकारी नामित करते हुए नामित अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नम्बर की सूचना अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल(nssrmlau26@gmail.com) / कार्यालय में प्रेषित करनें का कष्ट करें, जिससे समय–समय पर नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पंजीकरण के सम्बन्ध में समीक्षा की जा सके।

भवदीय,

कार्यक्रम समन्वयक

*प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–*

1. निजी सचिव, कुलपति को, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. आशुलिपिक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव को, वित्त अधिकारी / कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. पत्रावली।

कार्यक्रम समन्वयक